Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006
Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Need to provide Central assistance to check soil erosion taking place in various villages situated on the left bank of the Ganga river in Patna Parliamentary Constituency.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र पटना गंगा के किनारे बसा हुआ है। वहां बड़े पैमाने पर लगातार कटाव जारी है। नेतनपुर नकटा दियारा का बहुत बड़ा भू-भाग कट गया है जो नदी में समाहित हो गया है। इस इलाके का आगे भी कटाव जारी है। मगर अभी तक मात्र 2700 फीट का कटाव रोकने की व्यवस्था की गई है। लाखों लोग वहां रहते हैं जिनकी जीविका वहीं पर है। मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वहां कटाव रोकने के लिये अति शीघ्र व्यवस्था की जाये और कम से कम इस वित्तीय वर्ा में 1000 फीट कटाव रोकने के लिये राशि मुहैय्या कराई जाये ।

इससे गांव और टोले का बचाव हो सकेगा। यही नहीं, गंगा नदी का पूरा इलाका प्रदूति हो गया है जिसकी वजह से गंगा नदी अपनी दिशा बदल रही है। यह एक ऐतिहासिक नदी है। पटना सहित बिहार के कई इलाकों की खूबसूरती की यह पहचान है। गंगा नदी को बचाने के लिए और कटाव को रोकने के लिए यथाशीघ्र जल संसाधन मंत्री कार्रवाई करें जिससे इसका प्रदूाण और कटाव से बचाव किया जा सके तथा इसके कारण जो लोग ि वस्थापित हो रहे हैं, वे भी अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल सदन में उठाना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : रेलवे पर पूरी चर्चा हो गई है और तब भी Your demands are not being minimized.